Pakistan has submitted its report; and

(b) if so, the main conclusions and recommendations made therein?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

तेजपुर में पाकिस्तानियों का अवैध प्रवेश

1255. { **श्री बागड़ी :**
श्री किन्दर लाल :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय : }

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नाडिया सीमान्त जिले के तेजपुर गांव में, 20 जून, 1965 को 150 पाकिस्तानी लोग अवैध तरीके से घुस आये और वे 90 पशु भगा ले गये; और

(ख) ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, नहीं । हां, एक घटना में जो 18-6-1965 को हुई थी, 100 पाकिस्तानी राष्ट्रिक जिला नाडिया के थाना ताजपुर (न कि तेजपुर) में भारतीय क्षेत्र में घुस आये थे और 27 पशु भगा ले गये ।

(ख) पूर्वी पाकिस्तान में कुश्तियां के उप-आयुक्त के पास एक जबर्दस्त शिकायत की गई है । उसे कहा गया है कि पशु उनके भारतीय मालिकों को वापस दिलाये जायें जो उनके कानूनी मालिक हैं । अभी तक कोई उत्तर नहीं प्राप्त हुआ है ।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् के हिन्दी एकक द्वारा प्रकाशित साहित्य

1256. **श्री प० ला० बारूपाल :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् के हिन्दी एकक द्वारा प्रकाशित साहित्य के सम्बन्ध में मुद्रणालयों तथा कलाकारों के बहुत से बिलों का भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) 1964 में किये गये काम से सम्बन्धित कितने बिलों का भुगतान 31 मार्च, 1965 तक नहीं किया गया था और वे कितने समय से लम्बित पड़े हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). जी, नहीं ।

(ग) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया—देखिये संख्या एल० टी०-4709/65]

दिल्ली में विश्व हिन्दू धर्म सम्मेलन

1257. { **श्री किन्दर लाल :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय : }

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नवम्बर, 1965 में दिल्ली में विश्व हिन्दू धर्म सम्मेलन होना निश्चित हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार क्या सहायता देगी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां ।

(ख) सरकार के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।